# लॉकडाउन हटाने के डोनाल्ड ट्रंप ने जारी किए दिशा निर्देश

**कोरोना महामारी**

## अमेरिका की 95 प्रतिशत से अधिक आबादी अपने घरों में बंद

■स्वस्थ अमेरिकी काम पर लौट सकेंगे



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी से प्रभावित देश की अर्थव्यवस्था को फिर से खोलने की नई चरणबद्ध योजना गुरुवार को पेश की। उन्होंने गवर्नरों को अपने–अपने राज्यों में पाबंदियों को हटाने पर फैसला लेने की अनुमति दी है। अभी अमेरिका की 95 प्रतिशत से अधिक आबादी अपने घरों में बंद है और 2.2 करोड़ से अधिक अमेरिकियों ने बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन दिया है।

अमेरिका में 6,40,000 से अधिक अमेरिकी कोरोना वायरस की चपेट में आए और 31,000 से अधिक लोगों ने जान गंवा दी। ट्रम्प ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि उनका प्रशासन नए संघीय दिशा निर्देश जारी कर रहा है जिससे गवर्नर अपने–अपने राज्यों को फिर से खोलने पर चरणबद्ध तरीके से फैसला ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि आर्थिक दबाव के बीच लंबे समय तक लॉकडाउन से जन स्वास्थ्य पर बहुत गहरा असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि अगर जमीनी परिस्थितियां ठीक रहीं तो स्वस्थ अमेरिकी काम पर लौट सकेंगे। उन्होंने कहा, 'पूरी तरह बंद करने के बजाय हम उच्च जोखिम वाले लोगों को अलग करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।' राष्ट्रपति ने कहा, 'अगर वायरस लौटता है जैसा कि कुछ वैज्ञानिकों का मानना है तो इन दिशा निर्देशों से यह सुनिश्चित होगा कि देश चलता रहे ताकि हम जल्दी इससे बाहर आ सकें।' ये दिशा निर्देश सरकार के शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञों ने बनाए हैं और पुष्ट तथ्यों पर आधारित हैं।

इन दिशा निर्देशों से गवर्नरों को अपने–अपने राज्यों में स्थिति से निपटने के लिए चरणबद्ध तरीके से अर्थव्यवस्था को फिर से खोलने का अधिकार दिया गया है। दिशा निर्देशों में नए मामलों, जांच और राज्यों के लिए अस्पताल संसाधनों को पूरा करने पर स्पष्ट मानदंड हैं। पहले चरण के लिए दिशा निर्देशों में सिफारिश की गई है कि अगर फ्लू जैसे लक्षणों और कोरोना वायरस मामलों की संख्या में 14 दिनों तक गिरावट होती है तो राज्य घरों पर रहने का आदेश तथा अन्य पाबंदियों को हटा सकते हैं।

दूसरे चरण में विषाणु की चपेट में आने के लिहाज से संवेदनशील लोगों को एक स्थान पर आश्रय देना, घरों से काम करने के लिए प्रेरित करना और सार्वजनिक स्थानों को बंद रखना शामिल है। कोरोना वायरस पर व्हाइट हाउस कार्य बल के सदस्य डॉ. देबराह ब्रिक्स ने बताया कि तीसरे चरण में स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही सामान्य स्थिति बहाल करना है।

## न्यूज डायरी



### इलाज के दौरान गले लगे नर्स कपल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कोरोना वायरस महामारी के बीच फ्लोरिडा का एक कपल बेन केयर और मिंडी ब्रूक सुरक्षा किट से लैस होकर एक–दूसरे को गले लगा रहे हैं। एक–दूसरे की आंखों में देख रहे हैं, जो उन दोनों की मोहब्बत को बयां कर रहा है। फ्लोरिडा का यह कपल स्वास्थ्यकर्मी है और एक अस्पताल में दिन–रात कोरोना मरीजों की देखभाल में लगा है। इस बीच जब उन्हें कुछ समय का वक्त मिला, तो अपने प्रोटेक्टिव किट में ही एक–दूसरे को गले लगाया। उनकी यह तस्वीर सोशल मीडिया पर अब खूब शेयर हो रही है। अमेरिका दुनिया में कोरोना वायरस का गढ़ बन चुका है। कोरोना महासंकट से बेहाल अमेरिका में गुरुवार को एक दिन में 2500 लोगों की मौत हो गई है। दुनिया में कोरोना वायरस से यह एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों के मरने का रेकॉर्ड है। इसके साथ ही मरने वालों का आंकड़ा 33,500 पहुंच गया है।

### अफगानिस्तान में एक कश्मीरी आतंकी पकड़ा गया, 25 साल से गायब था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में सुरक्षा एजेंसियों के हाथ अनजाने में एक बड़ा आतंकी लग गया है। यह कश्मीरी आतंकी पिछले 25 सालों से गायब था जो अब दूसरे बड़े आतंकी के साथ धरा गया है। हालांकि, शुरुआत में उसकी पहचान उजागर नहीं हो पाई थी, लेकिन जब पता चला कि वह कौन है तो सुरक्षा एजेंसी वाले भी चौंक गए थे। इस कश्मीरी आतंकी का नाम एजाज अहमद है। वह श्रीनगर का रहनेवाला है। पिछले बीस सालों से इसकी तलाश जारी थी। जिस आतंकी के साथ एजाज को पकड़ा गया है वह इस्लामिक स्टेट खोसरान का चीफ है जिसने गुरुद्वारे हमले की जिम्मेदारी ली थी। एजाज इससे पहले भी एकबार गिरफ्तार हुआ था। लेकिन फिर जेल से रिहा होने के बाद से वह गायब हो गया था। बताया जाता है कि वह जेल से निकलकर सीधा बांग्लादेश गया और फिर वहां से पाकिस्तान। 55 साल के एजाज पर जम्मू कश्मीर से इस्लामिक एस्टेट में भर्ती करने का आरोप है।

### इन्फेक्शन फैलने का डर, ब्रिटेन में 3 हफ्ते के लिए बढ़ा लॉकडाउन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए ब्रिटेन में लॉकडाउन 3 हफ्ते के लिए बढ़ दिया गया है। फॉरन सेक्रटरी डॉमिनिक राब ने लॉकडाउन बढ़ाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि अभी तक लगाए गए प्रतिबंधों का असर होने लगा है लेकिन फिर भी अभी ढील नहीं दी जा सकती है। राब ने साफ किया है कि कम्यूनिटी ट्रांसमिशन खतरे के स्तर तक नहीं पहुंचा है लेकिन अस्पतालों और केयर होम्स में इन्फेक्शन फैला है। ब्रिटेन में अब तक 103,093 लोग कोरोना की चपेट में आ चुके हैं जबकि इनमें 13,729 की मौत कोरोना से हो चुकी है। लॉकडाउन के चलते इकॅनमी को होने वाले खतरे की वजह से सरकार पर दबाव भी है।

### ब्राजील के राष्ट्रपति ने स्वास्थ्य मंत्री लुईज हेनरिक मैन्डेटा को बर्खास्त किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रासीलिया। कोरोना वायरस का संक्रमण दुनियाभर में फैला हुआ है। लैटिन अमेरिका की बात करें तो ब्राजील (ठतंप्रस) कोरोना की वजह से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में से है। कोरोना संकट काल के बीच ब्राजील के राष्ट्रपति जेर बोलसोनारो ने अपने स्वास्थ्य मंत्री लुईज हेनरिक मैन्डेटा को बर्खास्त कर दिया है। कोरोना वायरस के खिलाफ उठाए जा रहे कदमों को लेकर दोनों नेताओं के बीच मतभेद सार्वजनिक तौर पर भी नजर आ रहे थे।

ब्राजील के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री लुईज हेनरिक मैन्डेटा ने अपने ट्विटर पर लिखा, मैंने राष्ट्रपति जेर बोलसोनारो से मुझे स्वास्थ्य मंत्रालय हटाए जाने के बारे में सुना। मुझे यह मौका देने के लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं। लुईज हेनरिक मैन्डेटा ने अपनी जगह पर किसी दूसरे के सफल रिप्लेसमेंट के लिए इच्छा भी जाहिर की।

## पाकिस्तान में कोरोना मरीजों के सामने भांगड़ा कर रहे डॉक्टर, नर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कहते हैं बीमार शख्स को उस बीमारी की चिंता ज्यादा बीमार कर देती है। ऐसे में डॉक्टर का फर्ज है इलाज करने के साथ–साथ मरीज को मानसिक तौर पर भी ठीक रखे। दुनिया के बाकी देशों की तरह पाकिस्तान भी इस वक्त कोरोना वायरस से जूझ रहा है। इस बीच वहां के डॉक्टरों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। इसमें डॉक्टर भांगड़ा करके कोरोना मरीजों का इलाज करते दिख रहे हैं।

वायरल वीडियो में गायक मुश्ताक अहमद चीना का मशहूर गाना चिट्टा चोला का म्यूजिक सुनाई दे रहा है। मेडिकल स्टाफ के लोग उसी पर भांगड़ा करते दिख रहे हैं। सामने कोरोना के मरीज बैठे हैं।

### पाक में कोरोना के 6919 केस, अबतक 128 की मौत

पाकिस्तान में गुरुवार को कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़ कर 6919 हो गई। वहां के स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, इस बीमारी के कारण अब तक 128 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही 1,645 मरीज ठीक भी हो चुके हैं।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कोविड–19 के अब तक 3,291 मामले सामने आए हैं।



**अजब–गजबः अमेरिका में जन्मी दो सिर वाली बकरी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अमेरिका। अमेरिका में एक अविश्वसनीय घटना में एक ऐसी बकरी का जन्म हुआ है जिसके दो सिर हैं। मजेदार बात यह है कि यह बकरी अपने दोनों ही मुंह से घास खा सकती है। इस बकरी का जन्म्म अमेरिका के विस्कॉन्सिन प्रांत में शवानो काउंटी में हुआ है। बकरी के मालिक ने प्राचीन रोमन देवता के नाम पर इसका नाम जानूस रखा है। रोमन देवता जानूस के भी दो सिर थे। नुएस्के ने कहा, श्मैं दो सिर वाली गाय और छिपकली के बारे में सुना था लेकिन बकरी के बारे में कभी नहीं सुना था। इस बकरी के चार आंखें हैं और दो मुंह हैं। मुझे अभी यह पूरा भरोसा नहीं है कि बकरी की बीच की आंख काम करती है या नहीं।

## आईएमएफ ने पाक को 1.4 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त कर्ज को मंजूरी दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



इस्लामाबाद। कोरोना वायरस के कहर के चलते पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था जर्जर हो गई है। पाकिस्तान नकदी के बड़े संकट से जूझ रहा है। इस बीच उसके लिए राहत देने वाली एक खबर आई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान के लिए 1.4 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त कर्ज को मंजूरी दे दी है। दरअसल, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के सामने मदद के लिए हाथ फैलाया था।

आपको बता दें कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कोरोना वायरस संकट के चलते गहराती आर्थिक मंदी के मद्देनजर पाकिस्तान को 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कर्ज देने पर विचार करने को तैयार हो गया था। अब उसने इस कर्ज को मंजूरी दे दी है, इससे पाकिस्तान को अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

गौरतलब है कि पाकिस्तान ने भुगतान संतुलन के संकट को खत्म करने के लिए आईएमएफ के साथ पिछले साल जुलाई में 6 बिलियन डॉलर के राहत पैकेज पर दस्तखत किए थे। आईएमएफ की ओर दिया जाना वाला यह कर्ज इस पैकेज के अतिरिक्त होगा।

**पाकिस्तान में कोरोना की वजह से 134 लोगों की मौतः** आपको बता दें कि पाकिस्तान कोरोना कहर से बुरी तरह त्रस्त है। पाक में कोरोना संक्रमितों की संख्या 7 हजार पार कर चुकी है और इससे मरने वालों की संख्या 134 हो गई है। पाकिस्तान में 1600 लोग कोरोना से रिकवर हो चुके हैं। पाकिस्तान का सिंध प्रांत कोरोना की सबसे ज्यादा चपेट में है। वहां अकेले कोरोना के मामले दो हजार के पार जा चुके हैं।

## चीन ने मृतक संख्या में किया संशोधन, मरने वालों की संख्या 4,632 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वुहान। कोविड–19 मामलों के आंकड़े छिपाने को लेकर हो रही अंतरराष्ट्रीय आलोचना के बीच चीन ने मृतकों की संख्या में शुक्रवार को संशोधन किया। चीन ने कोरोना वायरस के उत्पत्ति केंद्र वुहान शहर में मृतकों की संख्या में 1,290 का इजाफा किया, जिससे चीन में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 4,632 हो गई।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वुहान नगरपालिका मुख्यालय ने शुक्रवार को कोविड–19 के पुष्टि किए गए मामलों और बीमारी के कारण होने वाली मौतों की संख्या को संशोधित किया। वुहान में 16 अप्रैल तक कोरोना वायरस के पुष्टि किए गए कुल मामलों में 325 की वृद्धि की गयी जो बढ़कर 50,333 हो गए और मृतकों की संख्या 1,290 की वृद्धि की गयी। इस तरह कोरोनावायरस से मौतों की पुष्टि के बाद मृतक संख्या 3,869 हो गई। संशोधित आंकड़े के मुताबिक चीन में कोविड–19 से हुई मौतों की कुल संख्या बढ़कर 4,632 हो गई है। कुल मामलों की संख्या भी बढ़कर 82,692 हो गई।